Title: Need to assist Madhya Pradesh Government to meet electricity shortage particularly in rural areas of the State-Laid

श्री रामानन्द सिंह (सतना): मध्य प्रदेश में अभूतपूर्व बिजली संकट व्याप्त है। प्रदेश के शहरों में दिन में कई बार बिजली की कटौती की जाती है, किंतु ग्रामीण अंचलों में दो हफ्ते में घंटे-दो घंटे को बिजली कभी कभार उपलब्ध हो पाती है। समूचे राज्य के अधिकांश ग्रामों में बिजली की लाइनें हैं किंतु विद्युत प्रदाय गत एक र्वा से लगभग ठप्प हो चुका है। इससे कृाि उत्पादन प्रभावित हो रहा है तथा राज्य भर के उद्योग धंधे चौपट हो रहे हैं।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश में विद्युत उत्पादन हेतु राज्य की मदद करें तथा पड़ोसी राज्यों से बिजली का बकाया दिलाने में मदद करें।

---

* The remaining matters treated as laid on the Table of the House